संस्कृत विभाग (2021-22)

जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय

(**दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली**)

पंद्रह दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर– (029/12/2021–12/01/2022)
समय – प्रतिदिन दोपहर 3.30 **से** 4.30

जानकी देवी कॉलेज के संस्कृत विभाग द्वारा, संस्कृत–भारती के तत्त्वावधान में 29 दिसंबर, 2021 से 12 जनवरी, 2022 तक 15 दिवसीय ऑनलाइन संस्कृत-संभाषण शिविर का ज़ूम के माध्यम से आयोजन किया गया । इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त विभिन्न कार्यक्षेत्रों से सम्बन्धित यथा-पत्रकार,चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, ज्योतिषाचार्य, योगाचार्य आदि ने भी अत्यंत उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया । इसमें देश-विदेश से यथा दिल्ली,चंडीगढ,कनाडा से आए हुए कुल 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया । पंद्रह दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन 29 दिसम्बर,2021को विभाग के सभी अध्यापकों की उपस्थिति में मंगलाचारण के साथ किया गया । संस्कृत भारती की ओर से कक्षाएँ लेने हेतु आई शिक्षिका डॉ. स्वीटी महोदया ने बहुत ही सरल एवं अभिनय पूर्वक संस्कृत सम्भाषण शिविर में अध्यापन प्रारम्भ किया और इस प्रकार 15 दिनों में 15 घण्टों के अध्यापन में छात्राओं ने संस्कृत सम्भाषण के प्रारम्भिक स्तर को सीखा, साथ ही दैनिक जीवन में आने वाली वस्तुओं के संस्कृत शब्दरूपों को भी जाना । 12 जनवरी 2022 को इस शिविर का समापन-समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नेशनल स्कूल ऑफ संस्कृत ड्रामा के रजिस्ट्रार महोदय डॉ. ज्वाला प्रसाद एवं संस्कृत भारती के प्रांत मंत्री डॉ. देवकीनंदन उपस्थित रहे । कार्यक्रम के प्रारंभ में द्वितीय वर्षीय छात्रा मानवी द्वारा मंगलाचरण किया गया। इसके अनन्तर हमारे महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. स्वाति पाल महोदया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए, छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रेरित भी किया । सभी प्रतिभागियों ने 15 दिवसीय संभाषण शिविर के अपने-अपने अनुभव को संस्कृत भाषा में ही प्रस्तुत किया । मुख्यातिथि महोदय डॉ. ज्वाला प्रसाद एवं डॉ. देवकीनंदन ने संस्कृत भाषा के महत्त्व और वर्तमान में संस्कृत की आवश्यकता के विषय में

बताते हुए छात्राओं को संबोधित किया । अंत में संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. तनुजा रावल महोदया द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।







राष्ट्रीय वेबिनार विषय - Research Methodology in Sanskrit'
मुख्यवक्त्री - प्रो. शशि तिवारी महोदया, अध्यक्षा वेव्स इंडिया
दिनांक - 22 दिसंबर, 2021
समय - दोपहर - 2.30 बजे

22 दिसंबर, 2021 को जानकी देवी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा ग्लोबल संस्कृत फोरम, दिल्ली प्रांत के संयुक्त तत्त्वावधान में 'Research Methodology in Sanskrit' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का ऑनलाइन ज़ूम प्लेटफार्म पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य-वक्त्री प्रो. शशि तिवारी महोदया, अध्यक्षा वेव्स इंडिया तथा ग्लोबल संस्कृत फोरम की अध्यक्षा प्रो. वंदना सूरज भान महोदया, उपाध्यक्ष विजय गर्ग महोदय एवं अन्य महाविद्यालयों के विभिन्न विद्वतगण एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्कृत तृतीय वर्ष की छात्रा ललिता द्वारा मंगलाचरण किया गया। इसके पश्चात प्रो. शशि तिवारी महोदया ने संस्कृत-साहित्य में निहित शोध विषय, शोध की प्रविधि एवं शोध के क्षेत्र में आने वाली विभिन्न समस्याओं के निवारणों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए, बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। अंत में प्रश्नोत्तर के द्वारा प्रतिभागियों की शंकाओं का निवारण भी किया। कार्यक्रम के अंत में संस्कृत-विभागाध्यक्षा डॉ. तनुजा रावल ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी प्रतिभागी गणों एवं श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं अध्यापकों सहित 89 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

JANKI DEVI MEMORIAL COLLEGE
Department of Sanskrit
In collaboration with
Global Sanskrit Forum, Delhi Prant
Presents a National Webinar
on
Research Methodology in Sanskrit
BY PROF. SHASHI TIWARI
(President, WAVES-India)
22nd Dec 2021
02:30pm
Zoom
Dr. Vandana Suraj Bhan
(President, GSF,DP)
Dr. Sarvesh Mishra
(Gen. Secratary,GSF,DP)
Dr. Vijay Garg
(Vice President,GSF,DP)
Dr. Tanuja Rawal
(TIC, JDMC)
PROF. SWATI PAL
(Principal, JDMC)


Unmute
Start Video
Share
89
Participants
9
More


Dr. Shamianj K...
Vandana Suraj B...
Annu Sharma
Dr. Harsh Bala
Mansi Mishra
Dr.Dhananjaya...
Mou samanta
Anand Gaikwad
Priya Sharma
Shivani 902
Sakshi Sharma174
Siya
Preeti
Yogita sharma
Garima21skt856